भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

विषय : दिनांक 27 सितंबर, 2012 तक पेंशन की अद्यतन स्थिति ।

भाविप्रा पेंशन स्थिति पर इस कार्यालय के दिनांक 13 सितंबर, 2012 के पत्र का संदर्भ ग्रहण करें ।

विमानपत्तन प्राधिकरण कर्मचारी संगठन ने माननीय उच्च न्यायालय, दिल्ली में एक रिट याचिका (रिट याचिका (सिविल) नं. 5991/2012) दायर की है जिसमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण प्रत्यार्थियों में से एक है । 21 सितंबर, 2012 को हुई सुनवाई में माननीय न्यायालय ने **स्थगन आदेश** पारित करते हुए यह निदेश दिया है कि "सुनवाई की अगली तारीख तक प्रत्यर्थी नं. 4 (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, 14, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली) तथा प्रत्यर्थी नं. 5 (क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, दिल्ली (उत्तर), दिल्ली) द्वारा दिनांक 13 अगस्त, 2012 के आदेश के अनुसरण में कोई कठोर कदम नहीं उठाए जाएंगे" । स्थगन आदेश की प्रति संलग्न है ।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण प्रबंधन इस मामले को यथाशीघ्र निपटाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है ।

****